**कुमार देवेन्द्र प्रौज्ज्वल, उप सचिव, नगर विकास एवं आवास विभाग द्वारा दिनांक–23.02.2019 को नगर परिषद्, बीहट में क्षेत्र भ्रमण एवं समीक्षात्मक बैठक की टिप्पणी :–**

दिनांक–23.02.2019 को अद्योहस्ताक्षरी द्वारा नगर विकास एवं आवास विभाग के आदेश ज्ञापांक सं0–1218/दिनांक–21.02.2019 के आलोक में नगर परिषद् बीहट, जिला–बेगूसराय में कतिपय योजनाओं की समीक्षा की गयी। समीक्षात्मक बैठक में सभापति/उपसभापति/विभिन्न वार्ड सदस्यगण एवं कार्यपालक पदाधिकारी उपस्थित हुए।

**1. हर घर नल जल निश्चय योजना :–**

नगर परिषद्, बीहट क्षेत्रान्तर्गत जलापूर्ति योजना नगर परिषद् द्वारा क्रियान्वित की जा रही है। कार्यपालक पदाधिकारी द्वारा बताया गया कि इस योजना के तहत् कुल 30 वार्डों में से 07 वार्ड (वार्ड सं0–06, 09, 10, 11, 22, 25 एवं 30) में कार्य पूर्ण कर लिया गया है। शेष 03 वार्डों (वार्ड सं0–27, 28, 29) में हर घर नल का जल उपलब्ध कराने हेतु कार्य अंतिम चरण में है। इसके अतिरिक्त कुल 10 वार्डों में कुल 10 योजनाओं का टेंडर किया गया था, जिसमें 06 ग्रुपों में किसी भी संवेदक द्वारा भाग नहीं लिया गया तथा शेष 04 ग्रुपों की निविदा किसी भी संवेदकों के सफल नहीं होने व तकनीकि कारणों से रद्द कर पुनर्निविदा हेतु प्रेषित की गयी है। सभी 10 योजना के पुनर्निविदा की प्रक्रिया की जा रही है। पूर्व में आवंटित एक योजना में जमीनी विवाद के कारण कार्य प्रारंभ नहीं किया गया है। वार्ड सं0–05, 06, 09, 10, 11, 14, 22, 25 व 30 में लगभग 2435 परिवारों को House to House Connection उपलब्ध कराया जा चुका है। वार्ड संख्या–01 में बोरिंग का कार्य पूर्ण किया जा चुका है और पाईपिंग का कार्य शेष है। वार्ड सं0–28 में कुल 1500 हाउस होल्ड हेतु 01 योजना का एकरारनामा कर कार्यादेश निर्गत किया जा चुका है, जिसका कार्य प्रगति पर है। इसके साथ ही 01 योजना का पुनर्निविदा किया जाना है, तीन बार निविदा की प्रक्रिया अपनायी गयी है, परन्तु किसी भी निविदादाता द्वारा भाग नहीं लेने के कारण नये दर के अनुसार प्राक्कलन संसोधन की प्रक्रिया की जा रही है। इसके अनुसार अबतक सभी क्रियान्वित योजनाओं से नगर परिषद्, बीहट में कुल 3750 परिवार लाभान्वित होंगे, जिसमें 2435 घरों में कनेक्शन उपलब्ध कराया जा चुका है। समीक्षा के क्रम में निदेश दिया गया कि जल्द से जल्द पुनर्निविदा की प्रक्रिया पूर्ण कर शेष वार्डों में भी नल–जल का कार्य प्रारंभ किया जाय। नल जल योजना के संचालन के क्रम में ऐसी संभावना है कि कहीं–कहीं कुछ तकनीकि समस्या भी आये। ऐसे में कार्यपालक पदाधिकारी बीहट को निदेश दिया गया कि वे ऐसी प्रक्रिया अपनायें जिसमें किसी भी शिकायतों का त्वरित निष्पादन हो सके। इस निमित्त एक शिकायत पंजी का संधारण कर लिया जाना उचित होगा।

**2. नाली–गली पक्कीकरण निश्चय योजना :–**

नगर परिषद्, बीहट मुख्यमंत्री शहरी नाली–गली पक्कीकरण निश्चय योजनान्तर्गत अबतक कुल 74 योजनाओं की निविदा निकाली जा चुकी है, जिसमें 33 योजनाओं का कार्य पूर्ण हो चुका है। कुल 06 एकरारनामा की प्रक्रिया में है एवं कुल 07 योजनाओं का कार्य प्रगति पर है। 09 योजनाओं की संचिका निविदा निष्पादन हेतु बुडको, बेगूसराय के यहाँ लम्बित है। 01 योजना की संचिका निविदा निष्पादन हेतु बुडको, पटना के यहाँ लम्बित है। शेष 18 योजनाओं का पुनर्निविदा किया जाना है। कुल 90 योजनाओं का निविदा निर्गत करने हेतु निविदा आमंत्रण सूचना का अनुमोदन बुडको, बेगूसराय से प्राप्त कर लिया गया है, जिसका प्रकाशन जल्द ही किया जायेगा। अबतक कुल 33 पूर्ण योजनाओं से 1775 परिवार लाभान्वित हो चुके हैं। कार्यपालक पदाधिकारी को निदेश दिया गया कि योजनाओं के क्रियान्वयन में गति लायी जाय व जल्द से जल्द अनुमोदन प्राप्त निविदा आमंत्रण सूचना का प्रकाशन किया जाय।

**3. स्वच्छ भारत मिशन :–**

कार्यपालक पदाधिकारी द्वारा बताया गया कि नगर परिषद्, बीहट को भारत सरकार के QCI टीम द्वारा पूर्व में खुले में शौच मुक्त घोषित कर दिया गया है। कुछ लाभार्थियों द्वारा IHHL के तहत् प्राप्त शौचालय का कार्य पूर्ण नहीं किया गया है जिसे अविलम्ब कार्य पूर्ण करने का निदेश दिया जा चुका है। कुछ लाभुकों का द्वितीय किस्त की राशि नहीं भेजी जा सकी है जो कि प्रक्रियाधीन है। कार्यपालक पदाधिकारी को निदेशित किया गया कि सभी लाभुकों को कैम्प का आयोजन कर नियमानुसार राशि का भुगतान अविलम्ब करना सुनिश्चित करें व शौचालय निर्माण का कार्य पूर्ण करायें। सामुदायिक शौचालय का प्रगति संतोषप्रद नहीं पाया गया और निदेशित किया गया कि जल्द से जल्द सामुदायिक शौचालय निर्माण के लक्ष्य को प्राप्त किया जाय तथा योजनाओं मे प्रगति लायी जाय।

सभी 30 वार्डों में डोर टू डोर कचड़ा संग्रहण का कार्य आउटसोर्सिंग ऐजेंसी के द्वारा किया जाता है। डम्पिंग जोन चिन्हित करने की प्रक्रिया की जा रही है। पुनः सभी 30 वार्डों हेतु डम्पिंग जोन चिन्हित कर अविलम्ब विभाग को उपलब्ध कराने का निदेश दिया गया।

**4. सबके लिए आवास योजना :–**

समीक्षा के क्रम में पाया गया कि इस योजना के अन्तर्गत PHASE I में 375 के विरूद्ध 156 व PHASE II में 1172 के विरूद्ध शून्य को तृतीय किस्त दिया गया है। PHASE I में कुल 28 आवास का प्रत्यर्पण किया जा चुका है।

**स्थिति निम्न प्रकार है :–**

| PHASE | Sanctioned | MIS Entry | 1st Installment | 2nd Installment | 3rd Installment |
|---|---|---|---|---|---|
| PHASE I | 375 | 375 | 308 | 264 | 156 |
| PHASE II | 1172 | 1104 | 391 | 126 | 0 |
| PHASE III | 302 | 244 | 0 | 0 | 0 |
| PHASE IV | 800 | 0 | 0 | 0 | 0 |

सबके लिए आवास योजना में PHASE I के आवास निर्माण को अविलम्ब पूर्ण करने का निदेश दिया गया इसके साथ ही PHASE II में अपेक्षित सुधार का निदेश दिया गया। कार्यपालक पदाधिकारी के द्वारा बताया गया कि PLAN OF ACTION (POA) और AIP विभाग को भेज दिया गया है व PHASE II में चयनित लाभुकों के बीच कार्यादेश व राशि वितरण करने हेतु दिनांक–28.02.2019 को कैम्प का आयोजन किया जाना है। फेज–4 के ऑनलाईन इन्ट्री का कार्य विभाग द्वारा नामित ऐजेंसी के माध्यम से किया जा रहा है। इसमें अपेक्षित लंबित सभी कार्रवाई को पूर्ण कर लिये जाने का निदेश अद्योहस्ताक्षरी द्वारा दिया गया।

**5. अन्यान्यः–**

I. नगर परिषद् बीहट को अपना सरकारी भवन नहीं है। उपस्थित सभापति एवं उपसभापति द्वारा बताया गया कि भवन हेतु जमीन शीघ्र ढूँढ़ लिया जायेगा। इस हेतु जिला के वरीय पदाधिकारियों से नियमित संपर्क किया जा रहा है।

II . सम्राट अशोक भवन का भी निर्माण जमीन के अभाव में संभव नहीं हो पा रहा है। बताया गया कि इसके लिए भी सतत् प्रयास किया जा रहा है।

III . राज्य योजनान्तर्गत पथ एवं पुलिया निर्माण से संबंधित वार्ड सं0–28 में रिफाईनरी रोड से बजरंगबली मंदिर से स्व0 अनुग्रह सिंह घर तक पी0 सी0 सी0 सड़क एवं नाला निर्माण कार्य का प्राक्कलित राशि मो0 1,54,38,500/– रू0 के प्राक्कलन की तकनीकि स्वीकृति अधीक्षण अभियंता, बुडा, पटना से प्राप्त हो चुकी है। उक्त योजना के प्राक्कलन में लिपिकिय भूलवश नगर निगम बेगूसराय लिखे जाने के कारण शुद्धि हेतु कार्यपालक पदाधिकारी को निदेशित किया गया था, जिसमें शुद्धि कर कार्यपालक पदाधिकारी, नगर परिषद, बीहट के पत्रांक–232 दिनांक–27.02.2018 द्वारा विभाग को उपलब्ध कराते हुए पत्रांक–506 दिनांक–07.07.2018 द्वारा आवंटन की मांग की गयी है। प्रशाखा–02 को इस पर शीघ्र अग्रेतर कार्रवाई करने का निदेश दिया जा रहा है।

25/2/19

(कुमार देवेन्द्र प्रौज्ज्वल),
उप सचिव,
नगर विकास एवं आवास विभाग।

ज्ञापांक–01/स्था० (राज०)–25/2017/ 1973 न०वि०एवं.आ०वि०/पटना,दिनांक– 25/2/19

प्रतिलिपिः–प्रधान सचिव के आप्त सचिव/प्रशाखा पदाधिकारी–02 नगर विकास एवं आवास विभाग को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

25/2/19

(कुमार देवेन्द्र प्रौज्ज्वल),
उप सचिव,
नगर विकास एवं आवास विभाग।

ज्ञापांक–01/स्था० (राज०)–25/2017/ 1973 न०वि०एवं.आ०वि०/पटना,दिनांक– 25/2/19

प्रतिलिपिः–नोडल पदाधिकारी हर घर नल जल निश्चय योजना/नोडल पदाधिकारी स्वच्छ भारत मिशन/नोडल पदाधिकारी सबके लिए आवास योजना/नोडल पदाधिकारी नाली गली पक्कीकरण निश्चय योजना/निदेशक, नगरपालिका प्रशासन नगर विकास एवं आवास विभाग को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

25/2/19

(कुमार देवेन्द्र प्रौज्ज्वल),
उप सचिव,
नगर विकास एवं आवास विभाग।

ज्ञापांक–01/स्था० (राज०)–25/2017/ 1973 न०वि०एवं.आ०वि०/पटना,दिनांक– 25/2/19

प्रतिलिपिः– कार्यपालक पदाधिकारी नगर परिषद् बीहट, को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

25/2/19

(कुमार देवेन्द्र प्रौज्ज्वल),
उप सचिव,
नगर विकास एवं आवास विभाग।